तेरा क्या मुझसे नाता,
क्यों इतना प्यार लुटाता,
नहीं मैं काबिल तेरे,
क्यों फिर तू साथ निभाता,
मुझको प्रभु इतना बता,
क्यों माफ़ की मेरी हर खता,
ओ बाबा तू इतना बता दे,
हाँ बता दे बता दे बता दे बाबा,
मुझको क्यों इतना तू चाहे,
हाँ बता दे बता दे बाबा।।

मेरे तो ना ऐसे थे करम,
तूने किया जो ये रहम,
दर्द से भरी थी जिन्दगी,
तूने क्यों लगाया मरहम,
मुझसे ना छूटा बाबा माया का जहान,
फिर भी दयालु तूने होके मेहरबान,
मुझको दिया है क्यों सहारा,
मुझको प्रभु इतना बता,
ओ बाबा तू इतना बता दे,
हाँ बता दे बता दे बता दे बाबा,
मुझको क्यों इतना तू चाहे,
हाँ बता दे बता दे बाबा।।

फिरता रहा मैं दर-ब-दर,

आसरा मिला ना कहीं पर,
मुझको शरण में ले लिया,
साँवरे क्या तूने सोच कर,
भूल से लिया ना कभी तेरा नाम रे,
फिर भी बाबा तूने लिया थाम रे,
जीवन को मेरे क्यों संवारा,
मुझको प्रभु इतना बता,
ओ बाबा तू इतना बता दे,
हाँ बता दे बता दे बता दे बाबा,
मुझको क्यों इतना तू चाहे,
हाँ बता दे बता दे बाबा।।

तेरी मेरी क्या है दास्तां,
कैसे पाया तेरा रास्ता,
सदियो पुराना क्यों लगे,
मुझे तेरा मेरा वास्ता,
सोनू से बाबा तेरा कैसा नाता है,
मेरी गलतियों को क्यों तू भूल जाता है,
बाबा तू इतना क्यों है प्यारा,
मुझको प्रभु इतना बता,
ओ बाबा तू इतना बता दे,
हाँ बता दे बता दे बता दे बाबा,
मुझको क्यों इतना तू चाहे,
हाँ बता दे बता दे बाबा।।

तेरा क्या मुझसे नाता,
क्यों इतना प्यार लुटाता,
नहीं मैं काबिल तेरे,

क्यों फिर तू साथ निभाता,
मुझको प्रभु इतना बता,
क्यों माफ़ की मेरी हर खता,
ओ बाबा तू इतना बता दे,
हाँ बता दे बता दे बता दे बाबा,
मुझको क्यों इतना तू चाहे,
हाँ बता दे बता दे बाबा।।

गायक शीतल पांडे जी।
Upload By Arun ji Sharma

Source:
https://www.bharattemples.com/tera-kya-mujhse-nata-kyu-itna-pyar-lutata/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw